


नवभारत 03
सतना, बुधवार, 12 नवम्बर, 2025

# नवंबर में सर्दी ने तोड़ा पिछले 10 साल का रिकॉर्ड

## पहले पखवाड़े में ही सामान्य से 5 .4 डिग्री नीचे गिरा पारा

नवभारत न्यूज

**सतना 11 नवंबर. नवंबर के दूसरे पखवाड़े में पारा गिरने की घटना तो पिछले कुछ वर्षों में देखने को मिली थी. लेकिन नवंबर के पहले पखवाड़े में पारे के इस कदर गोता लगाने के मामले ने पिछले 10 वर्ष का रिकार्ड तोड़ दिया है. इसी कड़ी में मंगलवार को न्यूनतम तापमान घटते हुए अब इकाई अंक की ओर रुख करने को तत्पर नजर आने लगा.**

मौसम कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसारी मंगलवार को शहर में अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. हलांकि पिछले 24 घंटे में दिन के तापमान में 0.4 डिग्री की मामूली बढ़त देखने को मिली.



लेकिन इसके बावजूद भी दिन का तापमान सामान्य की तुलना में 2.1 डिग्री कम आंका गया. लेकिन रात का न्यूनतम तापमान की गिरावट रिकार्ड तोड़ती नजर आने लगी. मंगलवार को न्यूनतम तापमान घटते हुए 10.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया. यह गिरावट एक ओर जहां पिछले 24 घंटे में 0.7 डिग्री सेल्सियस की रही. लेकिन वहीं दूसरी ओर न्यूनतम तापमान में सामान्य की तुलना में 5.4 डिग्री सेल्सियस की अप्रत्याशित गिरावट देखने को मिली. जिसका नतीजा यह हुआ कि शाम से लेकर सुबह तक जबरदस्त ठिठुरन का दौर आरंभ हो गया. आलम यह रहा कि नवंबर के पहले पखवाड़े में ही रजाईयां बाहर आ गईं. मौसम विभाग के प्राप्त जानकारी के अनुसार नवंबर माह के प्रथम पखवाड़े में पिछले 10 वर्षों में तापमान में इतनी गिरावट देखने को नहीं मिली थी.

### पहले भी गिरा है पारा

नवंबर महीने में पारा गिरने की घटनाएं पिछले कुछ वर्षों में सामने आ चुकी हैं . लेकिन पारे में यह गिरावट नवंबर के दूसरे पखवाड़े में ही देखने को मिली थीं . नवंबर के दूसरे पखवाड़े की बात की जाए तो 2016 में 10 .8, 2017 में 9 .2, 2018 में 11 .3 और 2020 में 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा चुका है . यहां तक की नवंबर महीने का निम्नतम न्यूनतम तापमान 30 नवंबर 1970 को 4 .8 डिग्री सेल्सियस के तौर पर दर्ज किया गया था . लेकिन नवंबर के पहले पखवाड़े में पिछले 10 वर्ष में तापमान इतना नीचे नहीं आया . मौसम के तेवर का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि मंगलवार को सतना में दृश्यता घटकर 1-2 किमी तक पहुंच गई, जो विंध्य में सबसे कम आंकी गई .

# कोठी के एक थोक उर्वरक विक्रेता का लाइसेंस निरस्त

नवभारत न्यूज

**सतना 11 नवम्बर. उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास आशीष पाण्डेय ने उर्वरक विक्रय में अनियमितता करने पर मेसर्स सोनी ट्रेडर्स कोठी सोहावल का उर्वरक विक्रय लायसेस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है।**

अनुज्ञापन अधिकारी उर्वरक और उप संचालक कृषि द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि उर्वरक निरीक्षक सह वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड सोहावल द्वारा प्रो. शुभम कुमार सोनी के प्रतिष्ठान मेसर्स सोनी ट्रेडर्स कोठी का निरीक्षण कर 24 सितंबर को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रतिवेदन अनुसार प्रतिष्ठान में पंजीयन प्रमाण तथा मूल्य सूची

▸ उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास ने की कार्रवाई

स्कंध एवं स्टाक बिक्री दर बोर्ड पर प्रदर्शित न होना, ओपनिंग स्टाक से मिलान नहीं पाये जाने, उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 4 के प्रावधानों के अनुसार उर्वरक बिक्री नहीं करते हुए आदेश का उल्लंघन किया जाना पाया गया है।

इस पर संबंधित को 27 सितंबर को कारण बताओ नोटिस जारी कर समाधानकारक जवाब प्रस्तुत करने को कहा गया था। मेसर्स सोनी ट्रेडर्स कोठी द्वारा प्रस्तुत किया गया जवाब संतोषजनक नहीं पाये जाने पर उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास ने मेसर्स सोनी ट्रेडर्स कोठी को उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 19 के उल्लंघन का दोषी मानते हुए उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के खण्ड 31 के तहत उर्वरक अनुज्ञप्ति तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है।

# विंध्य की धरा पर नहीं बिकेगी कोरेक्स : गौरव

▸ आईजी ने की जिले भर के अपराध की समीक्षा

नवभारत न्यूज

**सतना 11 सितंबर. विंध्य की पावन धरा पर कोरेक्स नहीं बिकने देंगे और माफियाओं की कमर तोड़ कर रख देंगे. अपराध की समीक्षा बैठक लेने के लिए सतना पहुंचे पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत ने मीडिया से चर्चा के दौरान यह विचार साझा किए.**



नशे के विरुद्ध छेड़े गए अभियान ऑपरेशन प्रहार 2.0 का आगाज करने के बाद आईजी रीवा जोन गौरव राजपूत मंगलवार को सतना पहुंचे. पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में उन्होंने जिले भर के अपराध की समीक्षा की. इस दौरान पुलिस अधीक्षक सतना हंसराज सिंह, एएसपी शहर-ग्रामीण, सीएसपी, डीएसपी मुख्यालय, सभी अनुभागों के एसडीओपी और थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे. जिले भर के अपराध की समीक्षा करते हुए आईजी द्वारा प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए. इसी कड़ी में आईजी द्वारा कोलगवां थाने का निरीक्षण भी किया गया. इस दौरान व्यवस्था में आवश्यक सुधार को लेकर मातहत अमले को निर्देश भी दिए.

### कमर तोड़ देंगे

मीडिया से चर्चा के दौरान आईजी श्री राजपूत ने कहा कि उनका केवल एक ही उद्देश्य है कि नशे के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस . नशे में इस्तेमाल होने वाली कोरेक्स पूरे क्षेत्र से समाप्त करके ही दम लेंगे . विंध्य की पावन धरा पर कोई भी कोरेक्स नहीं बिकने देंगे . यहां पर किसी भी माफिया को सफल नही होने देंगे . उनकी कमर तोड़ कर रख दी जाएगी . इस मामले में जीरो टालरेंस पॉलिसी जारी रहेगी .

# धान के खेत में छिपी मिली 64 लीटर शराब

## सलाखों के पीछे भेजा गया आरोपी ढाबा संचालक

नवभारत न्यूज

**सतना 11 नवंबर. ढाबे के पीछे स्थित धान के खेत और झाड़ियों के बीच शराब का स्टॉक छिपाकर रखा गया था. पुलिस ने दबिश देते हुए 64 लीटर अवैध शराब जब्त करने के साथ ही आरोपी ढाबा संचालक को गिरफ्तार कर लिया.**

जिले के काठी थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि कोठी-सिंहपुर मार्ग पर



बरहना के निकट स्थित सिंह ढाबे के संचालक द्वारा न सिर्फ अवैध शराब की बिक्री की जाती है. बलिक ढाबे में लोगों को बैठाकर शराब भी पिलाई जाती है. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दबिश दी. जांच के दौरान जब पुलिस टीम ढाबे के पीछे की ओर गई तो वहां पर धान के खेत और झाड़ियों शराब का स्टॉक रखा नजर आया. जिसे एकत्र करने पर कुल 64 लीटर 485 मिली अवैध शराब पाई गई. जिसकी कीमत 44 हजार 796 रु आंकी गई. जिसे देखते हुए आरोपी ढाबा संचालक जितेंद्र सिंह उर्फ भोले पिता ऋषिराज उम्र 42 वर्ष निवासी बरहना कोठी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया.

# जनसुनवाई में सुनी गई 84 आवेदकों की समस्याएं



नवभारत न्यूज

**सतना 11 नवम्बर. कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन में मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में अपर कलेक्टर विकास सिंह एवं डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा ने जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 84 आवेदकों की समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये।**

जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने, अनुकंपा नियुक्ति, खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध कब्जा हटाने, विद्युत समस्या, जमीन का कब्जा दिलाने, सीमांकन कराने, दिव्यांग मोटराईज्ड ट्राईसिकिल दिलाने, चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने, भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

### मैहर जिले की जनसुनवाई में आए 19 आवेदन

**मैहर .** कलेक्टर मैहर रानी बाटड के निर्देशन में मंगलवार को जनसुनवाई में अपर कलेक्टर संजना जैन ने जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 19 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम दिव्या पटेल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# दो महीने बाद हुई कंकाल की पहचान

नवभारत न्यूज

**सतना 11 नवंबर. उप्र के चित्रकूट जिले में भरतकूप थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलुहा के जंगल में मिले कंकाल की पहचान दो महीने बाद जिले के हीरापुर गांव के निवासी वृद्ध के तौर पर हुई.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार भरतकूप थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलुहा के जंगल में एक कंकाल पाया गया था. जिसकी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कंकाल को जब्त करते हुए जांच के लिए भेज दिया. इसी कड़ी में मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे थे. इसी दौरान मंगलवार को यह जानकारी सामने आई कि कंकाल के पास एक निकर पड़ा हुआ मिला था. पुलिस द्वारा की गई जांच में कंकाल की पहचान दादूलाल मवासी पिता चुनवादी उम्र 70 वर्ष निवासी हीरापुर थाना बरौंधा के तौर पर करने का दावा भरतकूप पुलिस द्वारा किया गया. गौरतलब है कि दादूलाल सितंबर माह से ही गायक हो गए थे. काफी तलाश के बावजूद उनके बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आ रही थी.

# जिले में नरवाई जलाने की 131 घटनाएं सैटेलाइट मैपिंग में आईं सामने

नवभारत न्यूज

**सतना 11 नवम्बर. पर्यावरण सुरक्षा के लिये ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसलों विशेषत: धान एवं गेहूं की फसल कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है।**

जिले में भी नरवाई जलाने से होने वाली आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सतना डॉ. सतीश कुमार एस एवं मैहर रानी बाटड द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर अनुविभागीय दंडाधिकारियों को संबंधित व्यक्ति पर तत्काल पात्रतानुसार जुर्माना अधिरोपित करते हुये आग के कारण का पंचनामा तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गये हैं। लेकिन प्रतिबंधों के बावजूद भी जिले में नरवाई जलाने की घटनायें सामने आ रही हैं। दो एकड़ से कम भूमिधारक कृषकों द्वारा राशि 2500 रूपये प्रति घटना, दो एकड़ से अधिक पांच एकड़ से कम भूमिधारक कृषकों द्वारा राशि 5000 रूपये प्रति घटना तथा पांच एकड़ से अधिक भूमिधारक कृषकों द्वारा राशि 15000 रूपये प्रति घटना पर्यावरण क्षतिपूर्ति देय होगी।

▸ कलेक्टर ने दिया कार्रवाई के निर्देश

उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास आशीष पाण्डेय ने बताया कि सतना एवं मैहर जिले के समस्त अनुविभागों में 11 नवम्बर 2025 तक 131 स्थानों पर नरवाई जलाने की घटनायें रिकॉर्ड की गई हैं। जिसमें रघुराजनगर में 4, कोठी में 3, रामपुर बघेलान में 27, कोटर में 8, मझगवां में 5, बिरसिंहपुर में 11, नागौद में 12 तथा उचेहरा में 29 नरवाई जलाने की घटनायें रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार मैहर जिले की तहसील अमरपाटन में 8, मैहर में 23 तथा रामनगर में 32 नरवाई जलाने की घटनायें रिकार्ड की गई है।

## एक नजर में

### स्व . शांति लाल पांडेय बने दूसरों की जिंदगी में उजाला



**सतना ।** भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राम सागर पांडेय के पिता स्वर्गीय शांति लाल पांडेय के निधन के उपरांत उनके परिजनों ने मानवता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नेत्रदान किया । इस नेक कार्य से स्व . पांडेय ने अपने जीवन के बाद भी किसी अन्य व्यक्ति की आंखों में रोशनी भर दी । अमर ज्योति परिवार ने इस प्रेरणादायक पहल के लिए पांडेय परिवार को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर आभार व्यक्त किया । संस्था के संयोजक मनोहर डिग्वानी, और श्याम लाल गुप्ता श्यामू ने कहा कि नेत्रदान जैसे कार्य समाज में जागरूकता और मानवता का संदेश देते है,

### लापरवाही पाए जाने पर बीएलओ को कारण बताओ नोटिस

**सतना .** फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली 2025 के अंतिम प्रकाशन के विवरण को गहन पुनरीक्षण 2003 के मतदाताओं के मैपिंग का कार्य बीएलओ ऐप के माध्यम से किया जा रहा है । कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी विकास सिंह द्वारा विकासखण्ड मझगवां अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 107 पटिहर के बीएलओ महेश सिंह प्राथमिक शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है । नोटिस का जवाब 24 घंटे की समय-सीमा में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं । समाधानकारक जवाब नहीं होने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी ।

### जीवन भर शिक्षा दान, अंत समय देहदान

**सतना ।** जीवनभर अध्यापक के रूप में बच्चों को शिक्षा दी और जीवनकाल के बाद भी बच्चों को शिक्षा देने का संकल्प लेकर संत मोतीराम आश्रम के महंत स्वामी खिम्यादास जी की प्रेरणा से जाखी सितपुरा निवासी वीरेंद्र सिंह ने 11 नवंबर मंगलवार जीवनकाल पश्चात देहदान का संकल्प लिया । अतुल दुबे एवं जे,पी, निगम एडवोकेट वीरेंद्र सिंह के निज निवास पर जाकर संकल्प पत्र देकर सम्मानित किया। भाई प्रह्लाद अतुल दुबे पद्मधर पांडे मनोहर मोरयानी गोपीचंद कापड़ी बीमल मित्रा नमो नारायण खत्री मुकेश अग्रवाल अनिल चौरसिया ने साधुवाद दिया ।





### लायंस लंगर सेवा में खिचड़ी वितरण

**सतना ।** लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स सतना द्वारा 11/06/2022 से प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को अनवरत जारी लायंस लंगर सेवा के तहत आज 11/11/ 2025 मंगलवार को श्री हनुमान जी मंदिर सी एम एच ओ आफिस के सामने धवारी सतना में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया लगभग 600 भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया । कार्यक्रम में पूर्व रीजन चेअर पर्सन लायन आलोक त्रिपाठी,पूर्व क्लब प्रेसिडेंट लायन धर्मेंद्र सेन ,लायन जितेन्द्र गर्ग, विनोद कुमार गर्ग, राजेश श्रीवास्तव, अशोक त्रिपाठी, मिथलेश पाण्डेय, कमल कांत पाण्डेय, स्वामी दीन शुक्ला, सुकीर्त त्रिपाठी,सूर्य कमल त्रिपाठी, विनय कमल त्रिपाठी , मंदिर के पुजारी पं .जगन्नाथ महराज एवं साथी उपस्थित रहे ।

# गुरुद्वारा नानक दरबार के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की घोषणा

नवभारत न्यूज

**सतना, 11 नवम्बर. गुरुद्वारा नानक दरबार, सतना में 9 नवंबर रविवार को हुई आम सभा में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस अवसर पर संगत ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित कीं।**



नई कार्यकारिणी में मलकिंदर सिंह सोई (अध्यक्ष) कमलजीत सिंह सेठी , आज्ञा सिंह बेदी, त्रिलोचन सिंह बाबा , जितेंद्र अरोरा , हरविंदर सिंह मेहंदीरत्ता (उपाध्यक्ष), गिरीश पुरी हैप्पी (सचिव), राजदीप सिंह भाटिया (सह सचिव), प्रदीप अरोड़ा जोली, (कोषाध्यक्ष), गिरीश भावनानी (सह कोषाध्यक्ष), तनवीर सिंह (गोल्डी) , तजिंदर सिंह बग्गा (स्टेज सेक्रेटरी) जसविंदर सिंह भाटिया (बब्बल) को पी आर ओ पद दिया गया। रविंद्र सिंह सेठी विपुल होंडा गुरविंदर सिंह भाटिया प्रदीप अरोड़ा विनय नंदा कमलजीत सिंह सेठी जितेंद्र अरोरा आज्ञा सिंह हरविंदर सिंह मेहंदीरत्ता त्रिलोचन सिंह बाबा राजदीप सिंह भाटिया हिमांशु अरोड़ा गिरीश भावनानी रिकी सोनी लखन शिवानी राहुल गंभीर राजदीप भाटिया रम्पी विजय सोई रोहित होंडा नवदीप सेठी नीरज चोपड़ा प्रिंसी जग्गी तनवीर सिंह तेजिंदर सिंह बग्गा निशांत मैनी सरबवीर जग्गी कमल ग्रोवर अन्नू मेहता बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित थे

# संगठन को लेकर बैठक में हुआ विचार-विमर्श

नवभारत न्यूज

**सतना, 11 नवम्बर. भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आज पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा का भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में उत्साह और जोश देखने को मिला।**

पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक अद्भुत और दूरदर्शी नेता हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जो भी योजनाएँ आज चल रही हैं, उनका लाभ देश के हर वर्ग तक पहुंच रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम भी भाजपा के पक्ष में होंगे। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय, विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार प्रदेश प्रवक्ता प्रह्लाद कुशवाह नरेन्द्र त्रिपाठी विमला पांडेय अखंड प्रताप सिंह जिला महामंत्री रमाकांत गौतम अशोक गुप्ता विजय तिवारी बालेंद्र गौतम मुरारी सोनी शुभम तिवारी जय प्रताप गुप्ता सुनील सेनानी अभिषेक तिवारी जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता श्यामू संजय अग्रवाल चांदी ऐड अरविंद मिश्रा दीपेंद्र नाथ सीमा सिंह यादव सहित उपस्तिथि रहे

# एकेएस के विधि संकाय में न्याय उत्सव के तृतीय दिवस रहा उत्साह



नवभारत न्यूज

**सतना, 11 नवम्बर. ए.के.एस. विश्वविद्यालय के विधि संकाय में मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित 'न्याय उत्सव' का तीसरा दिन उत्साहपूर्वक मनाया गया।**

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सतना के जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मोहम्मद जिलानी तथा सचिव, विधिक सेवा प्राधिकरण सतना विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मुफ्त विधिक सहायता की प्रक्रिया, महत्व और नागरिकों के अधिकारों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण समाज के वंचित वर्गों को न्याय दिलाने में सेतु का कार्य करता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता विधि संकाय के डीन डॉ. सुधीर कुमार जैन ने की। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. विधि संभरकर, सह प्राध्यापक श्री विनय कुमार पाठक, श्री प्रशांत कुमार, सुश्री गायत्री सिंह, सुश्री आरती विश्वकर्मा, श्री विवेक चौरसिया एवं श्री शशिकांत दुबे उपस्थित रहे। मंच संचालन का दायित्व डॉ. विधि संभरकर विभागाध्यक्ष ने निभाया, धन्यवाद ज्ञापन श्री विनय कुमार पाठक ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और 'न्याय उत्सव' की इस पहल की सराहना की।

# श्रीरामाकृष्णा कॉलेज में संस्कृति संगम का भव्य शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सतना, 11 नवम्बर. श्रीरामाकृष्णा कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस भरहुत नगर में प्रथम दिवस संस्कृति संगम का भव्य शुभारंभ गरिमामय वातावरण में हुआ।**



कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। स्वागत गीत की मधुर प्रस्तुति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। प्रबंधन प्रमुख मनीषा पंजवानी ने कहा कि इस सांस्कृतिक उत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों की सृजनशील प्रतिभा को मंच प्रदान करना और भारतीय संस्कृति की विविधता का उत्सव मनाना है। प्राचार्य डॉ दीपक नेमा ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कृति संगम जैसे आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। संस्कृति संगम के प्रथम दिवस पर एकल एवं समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पारंपरिक और आधुनिक नृत्यों के सुंदर मिश्रण ने कार्यक्रम में रंग भर दिए। निर्णायक मंडल में प्रमुख रूप से श्रीमती अनामिका सिंह डॉ जया सिंह प्रो माया गुप्ता उपस्थित रही निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में अपार ऊर्जा और प्रतिभा है,